खबर संक्षेप

## अमगांव में श्रीमद भागवत महापुराण आज से

**मण्डला।** आज से निवास के अमगांव में श्रीमदभागवत कथा का आयोजन किया जा रहा है जिसमें पं. संतोष शास्त्री पदमी वाले द्वारा भगवान के विभिन्न चरित्रों की संगीतमयी कथा सुनाई जाएगी। यह आयोजन 12 से 19 जनवरी तक चलेगा। रोजाना सुबह संस्कृत पाठ और दोपहर 3 बजे से कथा सुनाई जाएगी। आज पहले दिन कथा स्थल से भव्य कलश शोभायात्रा निकाली जाएगी। आयोजकों ने अधिक से अधिक संख्या में श्रद्धालुओं से शामिल होकर धर्म लाभ उठाने की अपील की है।

## जिला चिकित्सालय को मिली एक और डायलेसिस मशीन

**मण्डला।** जिला चिकित्सालय मण्डला में स्वास्थ्य सेवाओं का लगातार विस्तार हो रहा है। इसी क्रम में आज एक अतिरिक्त डायलेसिस मशीन प्राप्त हुई है। इस मशीन के आने के बाद जिला चिकित्सालय मण्डला में डायलिसेस मशीनों की संख्या 6 हो जायेगी। इस संबंध में सिविल सर्जन डॉ. विजय धुर्वे ने बताया कि जिला चिकित्सालय मण्डला को एक अतिरिक्त डायलेसिस मशीन (एस.डब्लू.एस क्रमांक 4220802423) प्राप्त हुई है। इस मशीन के आने के बाद जिला चिकित्सालय मण्डला में डायलेसिस मशीनों की संख्या 6 हो जायेगी। जिससे किडनी रोग से संबंधित मरीज जिन्हें डायलेसिस के लिये लम्बा इंतजार करना पड़ता था, अब आसानी से डायलेसिस सेवाएं जिला चिकित्सालय मण्डला में प्राप्त कर सकेंगे। उन्होंने बताया कि मशीन के इंस्टालेशन की कार्यवाही जल्द पूर्ण कर ली जाएगी।

### 10 हजार रूपये की रिश्वत लेते रंगे हाथों पकड़ाया

# जनपद उपयंत्री लोकायुक्त की गिरफ्त में





*** पुलिया के मूल्यांकन हेतु मांगे थे 45 हजार रूपये।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला

आदिवासी बाहुल्य जिला मंडला में भ्रष्टाचार भी चरम पर बढ़ता जा रहा है। यहां अधिकारी, कर्मचारी किसी भी कार्य के लिए अपनी जेब गरम करने पीड़ित की मजबूरी को तांक पर रख देते है। जिससे मजबूरी में पीड़ितों को संबंधितों के सामने नस्मष्तक होना पड़ता है। जिले में रिश्वतखोरी भी अब आम हो गई है, यहां कोई भी विभाग इस रिश्वतखोरी से अछूता नहीं है। किसी भी शासकीय कार्य में जब तक जेब गरम नहीं की जाती, कोई भी कार्य आगे नहीं बढ़ता है। ऐसा ही एक मामला गुरूवार को मोहगांव विकासखंड के जनपद पंचायत में सामने आया। जहां एक इंजीनियर ने पीड़ित से पुलिया निर्माण कार्य के मूल्यांकन राशि को बढ़ाने एवं बिल तैयार करने के ऐवज में 45 हजार रूपए की रिश्वत मांगी। यदि पीड़ित मांगी गई राशि नहीं देता तो मूल्यांकन और बिल तैयार नहीं किया जाता। जिसके कारण पीड़ित मांगी गई रकम को देने तैयार हो गया और इसकी शिकायत लोकायुक्त में कर दी।

जानकारी अनुसार जनपद पंचायत मोहगांव में जबलपुर लोकायुक्त पुलिस ने गुरूवार को छापा मार कर इंजीनियर महेश प्रसाद मिश्रा को दस हजार की रिश्वत लेते रंगेहाथ पकड़ा है। आरोपी इंजीनियर महेश मिश्रा पुलिया निर्माण कार्य के मूल्यांकन राशि को बढ़ाने एवं बिल तैयार करने के एवज में पीड़ित संतोष परस्ते से 45 हजार रुपए की मांग की थी। लोकायुक्त पुलिस ने आरोपि को गिरफ्तार कर उनके पास से रिश्वत में ली दस हजार रुपए राशि जब्त कर कार्यवाही शुरू की।

बताया गया कि आवेदन संतोष परस्ते पिता सुखचैन परस्ते 27 वर्ष निवासी ग्राम पायली निवास एवं उसके मित्र देवा सिंह द्वारा ग्राम झुरकी पौड़ी में पुलिया निर्माण कार्य का काम लिए थे। इस पुलिया निर्माण कार्य को इनकी द्वारा पूर्ण कर लिया गया था। जिसकी प्रशासनिक स्वीकृत 09 लाख 76 हजार 626 रुपए थी। पुलिया निर्माण कार्य पूर्ण होने के बाद, निर्माण कार्य का मूल्यांकन तत्कालीन उपयंत्री महेश प्रसाद मिश्रा द्वारा कम कर मूल्यांकन की राशि को बढ़ाने एवं बिल तैयार करने के ऐवज में स्वीकृत राशि का 5 प्रतिशत के हिसाब से 45 हजार रुपए रिश्वत की मांग की। जिसकी शिकायत पीड़ित संतोष परस्ते ने लोकायुक्त में की। शिकायत सत्यापन के बाद गुरूवार को तत्कालीन उपयंत्री महेश प्रसाद मिश्रा को रंगे हाथों जनपद पंचायत कार्यालय के पास घुघरी तिराहे पर मोहगांव में प्रथम किस्त के तौर पर 10 हजार रूपए की रिश्वत लेते रंगे हाथों पकड़ा गया। लोकायुक्त की इस कार्रवाई में ट्रैप दल सदस्य निरीक्षक स्वप्निल दास, निरीक्षक कमल सिंह उईके एवं लोकायुक्त जबलपुर का पांच सदस्यीय दल मौजूद रहा।



## 35वीं वाहिनी में हुआ सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं मेले का आयोजन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला

नव वर्ष 2024 के उपलक्ष्य में सेनानी संतोष कोरी के निर्देशन में 35वीं वाहिनी मण्डला में अनेक रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम, मेले एवं प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य बच्चों में छिपी हुई प्रतिभाओं को उजागर करना था ताकि वो अपनी प्रतिभा/कला को पहचान सकें। सेनानी द्वारा नव वर्ष 2024 के उपलक्ष्य में वाहिनी के अधिकारी/कर्मचारियों एवं उनके परिवारजनों को नव वर्ष का शुभकामना संदेश दिया गया और अपने सुरों से श्री गणेश वंदना ''विघ्न विनाशक गणपति वंदन'' से सांस्कृतिक कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। सांस्कृतिक कार्यक्रम के अंतर्गत म्यूजिक नाईट, चित्रकला एवं रंगोली प्रतियोगिता, नृत्य एवं फेंसी डांस प्रतियोगिता एवं महिला अंताक्षरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें वाहिनी के अधिकारी/कर्मचारी, बच्चें एवं महिलाओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। संगीत गायन में रूचि रखने वाले अधिकारी/कर्मचारी, बच्चे एवं परिवारजनों के द्वारा संगीत का प्रदर्शन किया गया। पुलिस मुख्यालय के तत्वाधान में संचालित ''धृति'' योजना के अंतर्गत वाहिनी परिवार की महिलाओं द्वारा सिलाई, बुनाई, कढ़ाई, हैण्डक्राफ्ट इत्यादि का स्टॉल लगाया गया। साथ ही पुलिस परिवार के स्वास्थ्य को दृष्टिगत रखते हुए यूनिट चिकित्सालय द्वारा परिवारजनों को प्राथमिक चिकित्सा के संबंध में जानकारी दी गयी। सांस्कृतिक कार्यक्रम में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को सेनानी द्वारा पुरूष्कृत किया गया। कार्यक्रम के अंत में नव वर्ष की पुनः शुभकामना देते हुए कार्यक्रम का समापन किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में उप सेनानी इंद्र सिंह परस्ते, सहायक सेनानी महेन्द्र राय, उनि. सतीश गर्ग, उनि. सुरभि बाला, उनि दिलीप नागेश, उनि. युगल किशोर प्रजापति एवं अन्य अधिकारी/कर्मचारी की महती भूमिका रहीं है।



## महाकौशल केशरी कुश्ती प्रतियोगिता के लिये पहलवानों का दल रवाना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला





जबलपुर में होने वाले महाकौशल केशरी कुश्ती प्रतियोगिता आयोजन के लिये पहलवानों का दल आज सुबह जबलपुर के लिये रवाना हुआ। चयनित पहलवानों का कल गुरूवार शाम 5:00 बजे स्टेडियम ग्राउंड स्थित बजरंग एकेडमी में अभिनंदन किया गया। पहलवानों को शुभकामनाओं के साथ-साथ किट प्रदान की गई विशेष रूप से मण्डला कुश्ती संघ की टी-शर्ट इन चयनित पहलवानों को पहनाकर इनका सम्मान किया गया। ज्ञात हो कि कुश्ती संघ के लगातार प्रयास से जिले के पहलवानों को सफलता मिलती चली आ रही है इस सफलता में निश्चित रूप से जहां पहलवानों की अथक मेहनत है तो वहीं कुश्ती संघ के पदाधिकारियों का अथक प्रयास भी एवं सहयोग शामिल है। जिस तरह से विभिन्न अवसरों पर पहलवानों को प्रोत्साहित किया जाता है और उनके लिये संसाधनों की सुविधा उपलब्ध कराई जाती है यही कारण है कि पहलवान सफल होते जा रहे हैं सफलता की इस यात्रा में स्थानीय लोगों का भी भरपूर सहयोग प्राप्त हो रहा है। कल अभिनंदन कार्यक्रम में विशेष रूप से संतोष कुशवाहा, सोनू भलावी जनपद अध्यक्ष, अखिलेश कछवाहा उपाध्यक्ष नगरपालिका, भूपेन्द्र गुप्ता वरिष्ठ उपाध्यक्ष, राजेन्द्र परते कोषाध्यक्ष, आमानाला व्यायामशाला के अध्यक्ष गुलाब मरदरिया, वरिष्ठ संरक्षक शिवराज कछवाहा सहित अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे। ज्ञात हो कि इस प्रतियोगिता के निर्णायक मण्डल में मण्डला से एक नाम शिवम सिंधिया वासू का प्रस्तावित किया गया था जिसे भी आयोजन समिति द्वारा स्वीकार कर लिया गया है।

## स्थानीय उत्पादों को प्रोत्साहित करें-डॉ. सिडाना

*** कलेक्टर ने किया वन औषधीय प्रसंस्करण एवं विक्रय केन्द्र का निरीक्षण।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला



जिला मुख्यालय के वन औषधीय प्रसंस्करण एवं विक्रय केन्द्र का निरीक्षण करते हुए कलेक्टर डॉ. सलोनी सिडाना ने निर्देशित किया कि जिले के उत्पादों को प्रोत्साहित करने के लिए विस्तृत योजना तैयार करें। संग्रहण तथा प्रसंस्करण से संबंधित गतिविधियों में स्व सहायता समूहों के माध्यम से अधिक से अधिक महिलाओं की सहभागिता का प्रयास करें।

कलेक्टर डॉ. सिडाना ने कहा कि मधुमक्खी पालन, शहद संग्रहण, प्रसंस्करण आदि गतिविधियों में समिति सदस्यों की संख्या बढ़ाएं तथा आवश्यकतानुसार उन्हें प्रशिक्षण प्रदान करें। इसी प्रकार कोदो कुटकी सहित अन्य स्थानीय उत्पादों को प्रोत्साहित करें। उन्होंने उत्पादों की पैकिंग, ब्रांडिंग तथा मार्केटिंग के संबंध में भी आवश्यक निर्देश दिए। इस दौरान वन मंडलाधिकारी पश्चिम नित्यानंदम सहित संबंधित उपस्थित रहे।

**शिविर** | **पीएम जनमन अभियान के तहत आयोजित शिविर में कलेक्टर ने की सहभागिता।**

# योजनाओं के माध्यम से विकास की मुख्य धारा से जुड़ें

*** 215 आवेदनों का मौके पर निराकरण।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला





प्रधानमंत्री जनजातीय आदिवासी न्याय महाभियान के तहत बैगा समुदाय के लोगों को केंद्र सरकार की विभिन्न कल्याणकारी योजना का लाभ दिलाने के उद्देश्य से जंतीपुर में विशेष शिविर का आयोजन किया गया। कलेक्टर डॉ. सलोनी सिडाना ने शिविर में सहभागिता करते हुए उपस्थित बैगाओं से शासन की योजनाओं के माध्यम से विकास की मुख्य धारा से जुड़ने का आव्हान किया। इस दौरान उन्होंने शिविर में लगाए गए विभिन्न विभागों के स्टॉलों का जायजा लिया तथा हितग्राहियों से चर्चा की। शिविर में केन्द्र सरकार की योजनाओं से संबंधित 215 आवेदनों का निराकरण किया गया। इस दौरान सीईओ जिला पंचायत श्रेयांश कूमट, संयुक्त कलेक्टर हुनेन्द्र घोरमारे सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

शिविर में कलेक्टर डॉ. सलोनी सिडाना ने जानकारी दी कि विशेष पिछड़ी जनजातियों के लिये अद्योसंरचना विकास एवं सामाजिक, आर्थिक पिछड़ापन को दूर करने हेतु यह योजना 3 वर्ष तक चरणबद्ध रूप से क्रियान्वित की जावेगी। प्रधानमंत्री जनजातीय आदिवासी न्याय महाअभियान योजना अंतर्गत 9 मंत्रालयों के माध्यम से क्रियान्वित की जाने वाली 11 गतिविधियों सबको पक्का घर, हर घर नल से जल, गाँव गाँव तक सड़क, हर घर बिजली, शिक्षा के लिये हॉस्टल, कौशल विकास, दूरदराज के गावों तक मोबाइल मेडिकल यूनिट, सबको पोषण, उन्नत आजीविका, दूरदराज के गाँवों तक मोबाइल नेटवर्क के अतिरिक्त अन्य गतिविधियों को भी सम्मिलित किया गया है। उन्होंने बताया कि योजनाओं से वंचित बैगा परिवारों को लाभांवित किया जाना है उनमें प्रमुख रूप से आधारकार्ड, पीएम गरीब कल्याण अन्न योजना, पीएम उज्जवला योजना, आयुष्मान भारत कार्ड, पीएम किसान सम्मान निधि योजना, किसान क्रेडिट कार्ड, पीएम जनधन योजना, पीएम जीवन ज्योति बीमा योजना, पीएम सुरक्षा बीमा योजना, पेंशन योजना, पीएम विश्वकर्मा योजना, सुकन्या समृद्धि योजना, पीएम सुरक्षित मातृ अभियान, सिकलसेल मिशन, राष्ट्रीय क्षय रोग उन्मूलन प्रोग्राम सम्मिलित है, से पात्र हितग्राहियों को लाभान्वित किया जाना है। शिविर में कलेक्टर ने उपस्थित लोगों की समस्याएं सुनते हुए संबंधित अधिकारियों को उनके त्वरित निराकरण के निर्देश दिए।

### 259 लोगों का किया गया स्वास्थ्य परीक्षण

पीएम जनमन अभियान के तहत ग्राम जंतीपुर में आयोजित शिविर में केन्द्र सरकार के विभिन्न योजनाओं से संबंधित कुल 215 आवेदनों का निराकरण किया गया। जानकारी के अनुसार जाति प्रमाण पत्र के 86, उज्वला पंजीयन के 8, पात्रता पर्ची के 4, बैंक खाता के 23, किसान क्रेडिट कार्ड के 11, आधार कार्ड के 27, आयुष्मान पंजीयन के 26 तथा ईकेवाईसी से संबंधित 30 आवेदनों का निराकरण किया गया। शिविर में 259 लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। इस दौरान प्रधानमंत्री आवास से संबंधित 116 लोगों की सूची का वाचन किया गया।

### सोमती बाई को मिला अनेक योजनाओं का लाभ

जंतीपुर शिविर में पहुंची सोमती बाई भारतीया को केन्द्र सरकार की अनेक योजनाओं का लाभ मिला है। उसने बताया कि उसे आहार अनुदान योजना के तहत हर माह एक हजार रूपए प्राप्त होते हैं। उज्ज्वला योजना के तहत निःशुल्क गैस कनेक्शन प्राप्त हुआ है। साथ ही पात्रता पर्ची, नलजल योजना, जनधन खाता आदि योजनाओं का भी लाभ मिला है। आज शिविर में उसने केन्द्र सरकार की अन्य योजनाओं से लाभ लेने के लिए भी अपना आवेदन प्रस्तुत किया है।

### खेती को बेहतर बनाएगा सुकल सिंह भारतीया

पशु चिकित्सा विभाग द्वारा शिविर में पहुंचे सुकलसिंह बैगा को किसान क्रेडिट कार्ड जारी करने से संबंधित कार्यवाही की। सुकल सिंह ने बताया कि उसके परिवार में 5 एकड़ खेती है। साथ ही वह पशुपालन भी करता है। केसीसी के माध्यम से खेती को बेहतर बनाने का प्रयास करेगा। साथ ही पशु विभाग की योजनाओं से जुड़कर अपनी आर्थिक स्थिति को अच्छा बनाएगा। ग्राम में शिविर के आयोजन को सुकल सिंह ने जिला प्रशासन की सराहनीय पहल बताया।

## ओव्हरलोड एवं अवैध संचालित वाहनों के विरूद्व कार्यवाही

**मण्डला।** परिवहन आयुक्त म.प्र. ग्वालियर के निर्देशानुसार जिला परिवहन अधिकारी रमा दुबे द्वारा ओव्हरलोड एवं अवैध संचालित वाहनों की चैकिंग की कार्यवाही की गई। मण्डला-नैनपुर मार्ग पर 31 यात्री वाहनों एवं अन्य वाहनों की जांच में बसों एवं अन्य वाहनों के परमिट, फिटनेस, बीमा, लायसेंस, मोटरयान कर ओव्हर लोडिंग, फर्स्टएड बॉक्स अग्निशामक यंत्र, आपातकालीन खिड़की आदि की जांच की गई। चैकिंग के दौरान 8 वाहनों में 43500 रूपए की चालानी कार्यवाही की गई। चैकिंग के दौरान वाहन क्रंमाक आरजे 17686826 एवं एमपी 19 एचए 3719 हाईवा ओव्हरलोड करते पाये गये, जिसमें चालानी कार्यवाही की गई। वाहनों की जांच निरंतर ग्रामीण एवं दूरस्थ स्थानों में भी जारी रहेगी।

## एक से पाँच की शाला में एक शिक्षक एक छात्र

*** कई स्कूलों में शिक्षकों की छात्रों के अनुपात से कमी तो किसी स्कूल में एक शिक्षक एक छात्र।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला/निवास



निवास खंड शिक्षा विभाग अंतर्गत ईजीएस प्राथमिक शाला डिप्पा टोला जहाँ एक से पांच तक कि क्लास में दर्ज संख्या अनुसार महज 6 छात्र अध्ययन रत हैं, उक्त स्कूल में दो शिक्षक पदस्थ थे लेकिन इनमें से एक महिला शिक्षिका अपनी सुविधानुसार अन्यत्र स्कूल में संग्लन हैं जो शासन के नियम के सर्वथा विपरीत है।

हरिभूमि निवास प्रतिनिधि जब उक्त शाला पहुँचे तो एक शिक्षक एक मात्र छात्र को जमीन में बैठकर पढ़ाते मिले, उन्होंने बताया कि इस स्कूल में मात्र पाँच छात्र ही हैं वे भी नहीं आते हैं कई बार में खुद उनके घर जाकर उनको लाने का प्रयास करता हूँ लेकिन वे नहीं आते।

इस स्कूल की दशा देखते बनती है जहाँ छात्रों के लिये टॉयलेट शौचालय रूम व इनके उपयोग हेतु जल जीवन मिशन द्वारा पानी की टंकी/ पिलम्बरिंग आदि तो की गई है पर पानी बिना सब बेकार है, बिजली मीटर में वायर ही नहीं है ऐसे में विभाग और जल जीवन मिशन के भ्रष्ट कार्यों की ज्यादा जानकारी लिखना ठीक नहीं है, क्योंकि जिले के निवास विकासखंड के दर्जनों स्कूल और आंगनवाड़ियों के निरीक्षण में हमें बमुश्किल एकाध स्कूल के पेयजल यूनिट की टोंटी से पानी गिरता मिला, सरकार और विभाग की उक्त योजना के जिला स्तर के जिम्मेदारों का नौनिहालों मासूमों के स्वास्थ्य और शैक्षणिक भविष्य से खिलवाड़ और शासकीय राशि का इतने बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार अचंभित तो करता है, लेकिन इससे भी ताज्जुब शासन प्रशासन द्वारा भ्रष्ट जिम्मेदारों पर कार्यवाही न करना है।

# नगर सहित क्षेत्र के थाना सीमाओं को लेकर बदलाव की उठ रही है मांग, परिसीमन की विसंगति








**हरिभूमि न्यूज/ गाडरवारा।**

पुलिस थानों की सीमाएँ सुविचारित ढंग से तय हो, उनसे ऐसे गॉव जोड़े जाएँ, जिनमे रहने वाले ग्रामवासी जरूरत पड़नें पर तत्काल पुलिस से फरियाद करते मौका पड़ने पर उन्हें तुरन्त इंसाफ प्राप्त करने के साथ साथ गंभीर स्थिति में पुलिस की सेवाएं मिल सके तथा किसी भाी गंभीर स्थिति के चलते अपने क्षेत्र में पुलिस तुरंत मौके पर पहुंचकर स्थिति पर संयम पा सके यानी फारियादियों को संकट काल मे पुलिस का बिना अटके सहारा मिले। लेकिन विडम्बना की बात है कि इस मंशा के विपरीत क्षेत्रीय थानों का जो बीते हुये कुछ वर्ष पूर्व जिस प्रकार से परिसीमन किया गया था। वह इतना विसंगति पूर्ण है जिसे लेकर क्षेत्रीयजनों को कई तरह की परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है..? बताया जाता है कि प्रदेश स्तर से जारी हुये आदेशों के चलते एक बार पुलिस थानों का परिसीमन किये जाने की तैयारी की जा रही है। जिसके चलते क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों सहित अधिकारियों से सुझाव मांगे जा रही है। क्योंकि पूर्व के समय में थाना क्षेत्रों में किये गये क्षेत्र परिवर्तन के लेकर बदलाव की मांग की जाने लगी है। ज्ञात हो कि विगत कुछ वर्ष पूर्व हुए जिले के थानों के परिसीमन में काफी बिसंगति देखने मिल रही है जिनमें क्षेत्र के लोगों द्वारा सुधार की मांग उठाई जा रही है। कुछ वर्ष पहले किये गये परिसीमन के दौरान पलोहा पुलिस थाने को गाडरवारा को गाडरवारा अनुविभाग से हटाते हुये तेंदूखेडा अनुविभाग में जोड दिया गया है। जबकि देखा जावे तो पलोहा पुलिस थाने के अंतर्गत आने वाला संपूर्ण क्षेत्र जहां गाडरवारा तहसील क्षेत्र में आता है।

इस स्थिति में पलोहा पुलिस थाना गाडरवारा पुलिस अनुविभाग में जोडने की मांग उठाई जा रही है। वही दूसरी ओर ग्राम सडूमर, चिर्रिया, महगवॉ, चिरहकला, सांगई को गाडरवारा थाने से हटाते हुए पलोहा थाने से जोड़ा गया था इन ग्रामों के पलोहा थाना से जुडने की स्थिति में इन गॉवों के निवासी काफी परेशान हो रहे है। क्योंकि ग्राम चिर्रिया, सडूमर, महगंवा के लोगों को पलोहा जाने के पहले गाडरवारा आना पड़ता है। यदि यह गांव गाडरवारा थाने में जोडे जाते है तो यहां के लोगों को सुविधा जनक साबित होने लगेगे। वही नगर के समीपस्थ स्थिति शिवधाम डमरूघाटी को भी पलोहा थाना क्षेत्र मे शामिल करने को बेतुका बताते हुए शहर के लोगों का कहना है कि डमरूघाटी का शिव मंदिर शहर के नपा क्षेत्र में आता है जहॉ प्रतिवर्ष महाशिवरात्रि पर भरने वाले विराट मेले मे सुरक्षा व्यवस्था के इंतजाम करने की जावाबदारी गाडरवारा पुलिस की रहती है, इसके अलावा बारह माह डमरूघाटी की पैनी निगाहो से निगरानी शहर के पुलिसकर्मियों को इसलिए करनी पड़ती है। क्योकि डमरूघाटी सीमा नगर पालिका में आ रही है। मगर किसी स्थिति के चलते यहां के लोगों को अपनी शिकायत दर्ज कराने के लिए पलोहा थाने जाने के लिए मजबूर होना पड़ता है जो पूर्णरूप से लोगों को परेशानी का कारण है। इतना ही नही वही दूसरी ओर परिसीमन की विचित्र कवायद में जहां शहीद नगरी चीचली का थाना भी अछूता नही रहा है। चीचली थाना क्षेत्र के अनचाहे विस्तार के चलते ग्राम इमलिया, मगरमुँहा, दिघोरी को चीचली से जोड़ना भी पूर्णरूप से बेतुगा ही जान पड़ रहा है। क्योंकि यह क्षेत्र भी गाडरवारा से चंद कदम दूरी के साथ साथ ग्राम इमालिया गाडरवारा की नपा क्षेत्र में शामिल है।

मगर पुलिस संबंधी कार्यो के लिए यहां के लोगों के चीचली जाने के लिए मजबूर होना पड़ता है, जो जरूरत पड़ने पर पुलिस की मदद के लिए चीचली पुलिस का इंतजार करने के लिए मजबूर हो जाते है। जबकि गौर किया जावे तो वर्तमान मे म.प्र.की सरकार पुलिस विभाग के आधुनिकीकरण व पुलिस बल की कमी को दूर करने के उद्वेश्य से प्रदेश के थानों को व्यवस्थित बनाने के साथ उनकी दशा मे परिवर्तन की कोशिश कर रही है तथा लोगों को जरूरत पड़ने पर 100 लगाओ पुलिस बुलाओं सेवा के माध्यम से कहा जा रहा है कि जरूतर पड़ने में 10 मिनिट के अंदर पुलिस मौके पर पहुंच जावेगी। मगर अब सबाल यह उठता है कि जब थानाओं के क्षेत्र भी इस प्रकार की स्थिति में होगे तो क्या 10 मिनिट में पुलिस मौके पर पहुंच पायेगी..? ऐसी स्थिति मे गाडरवारा क्षेत्र के पलोहा, चीचली थाने में कुछ साल पहले किये गये परिसीमन काफी विसंगति महसूस होने से नही चूक रही है, जिसके चलते पुलिस थानाओं की सीमाएं क्षेत्र के लोगों को तो परेशानी का कारण साबित हो ही रही है साथ ही साथ पुलिस के लिए भी एक चुनौती के समान जान पड़ रही है? इस स्थिति के चलते लोगों द्वारा मांग कह जा रही है एक बार फिर होने जा रही नये परिसीमन में पुलिस थाने की सीमाओं में बदलाव करते हुए उन्हें सुविधा की दृष्ठि को ध्यान में रखते हुए क्षेत्र के थानों से जोड़ा जावे जिससे क्षेत्र की जनता के साथ साथ पुलिस को भी अपने अपने थाना क्षेत्र के गांवों में पहुंचने के लिए सुविधा प्राप्त हो सके। क्योंकि इस प्रकार से क्षेत्र के गांवों में पुलिस थानों की दूरी बढ़ जाने के कारण अपराधों में इजाफा होते हुये जान पड रहा है..? क्योंकि थाना क्षेत्रों से ग्रामों की दूरी अधिक होने के कारण जब पुलिस को इन गांवो में किसी घटना की जानकारी मिलती है तो पुलिस के ऊपर भी बिजली कोधने के समान महसूस होने से नही चूकती है... वही दूसरी ओर लम्बे समय तक घटना स्थल पर पुलिस नही पहुंच पाती है। इस बात को लेकर जब हरिभूमि ने क्षेत्र के लोगों से चर्चा की गई तो इस संबंध में ग्राम महगंवा चिर्रिया निवासियों का कहना है कि पलोहा थाना क्षेत्र में जिस प्रकार से ग्राम चिर्रिया, महगंवा सडूमर को जोड़ने के साथ साथ पलोहा थाने को गाडरवारा अनुविभाग से हटाते हुए तेंदूखेड़ा अनुविभाग से जोडा गया है वह पूर्णरूप से विसंगति पूर्ण है। क्योंकि इन गांवों के लोगों को पलोहा थाना पहुंचने के लिए पहले गाडरवारा जाना पड़ता है इसके बाद ही वह पलोहा पहुंच पाते है। इस प्रकार से थाना क्षेत्र की दूरी होने के कारण आमजन व पुलिस के बीच दूरिया होने के कारण पुलिस व जनता के बीच संवाद भी नही हो पाते है और पुलिस भी क्षेत्र की स्थिति से अवगत नही रहती है। इसी प्रकार से ग्राम सडूमर के लोगों के अनुसार थानों का परिसीमन क्षेत्र व जनता की सुविधा को मददेनजर रखकर किया जाना चाहिए। मगर बीते हुए कुछ वर्ष पहले जिस प्रकार से पुलिस थानो को परिसीमन करते हुए सडूमर क्षेत्र के अन्य गांवों को पलोहा थाना से जोड़ा गया है वह काफी परेशानी की बात है इसमें बदलाव की जरूरत है। कुछ इसी प्रकार का हाल चीचली पुलिस थाना क्षेत्र का है जिसमें गाडरवारा नगर पालिका क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले ग्राम इमालिया के आलवा ग्राम मगरमुहा, दिघोरी जो गाडरवारा शहर से चंद कदम दूरी पर होने के बाद भी चीचली थाने में जुडे होने से यहां के लोगों को थाने संबंधी कार्यो के लिये भटकते हुये देखा जाता है।

## खबर संक्षेप

### विभागीय अधिकारियों की उदासीनता के चलते अस्तित्व खोते चली जा रही है दूर संचार सेवा

**हरिभूमि न्यूज/ सांईखेड़ा।** दूर संचार के क्षेत्र में जहां एक ओर निजी कंपनियॉ द्वारा अपने ग्राहको को नई नई सौगाते प्रदान करने में लगी हुई है, वही दूसरी ओर भारत की सबसे बड़ी दूसर संचार कंपनी में पदस्थ अधिकारियों की उदासीनता के चलते दूर संचार सेवा ग्रामीण क्षेत्रों में अपना अस्तित्व खोते हुए जान पड़ रही है? क्योंकि जब किसी भी उपभोक्ता का फोन खराब हो जाता है और वह संबंधित विभाग के अधिकारियों से शिकायत करते हुए उसके सुधार की गुहार लगाता है तो गाडरवारा क्षेत्र में पदस्थ प्रमुख अधिकारियों द्वारा उसके उपकरण में सुधार की बात तो दूर उनकी समस्याओं के निराकरण की ओर ध्यान ही नही दिया जाता है जिसके चलते जहां एक ओर लोगों का देश की सबसे बड़ी दूर संचाकर कंपनी से लोगों का भरोसा उठाता चला जा रहा है? वही इस विभाग में पदस्थ प्रमुख अधिकारियों की कार्य प्रणाली से यह जान पड़ रहा है कि शायद उनके द्वारा निजी कंपनियो को लाभ दिलाने की सोच के चलते इस प्रकार की उदासीनता बरती जा रही है? क्योंकि बीते हुए कुछ माहिनों से देखा जा रहा है कि गाडरवारा व सांईखेड़ा नगर सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों की दूर संचार सेवा पूर्ण रूप से पटरी से उतरते हुये देखे जाने के बाद भी संबंधित अधिकारियों द्वारा किसी भी प्रकार से ध्यान देना उचित नही समझ रहे है, ध्यान ही नही दिया जा रहा है।

### प्रधानमंत्री आवास योजना की सूची में नाम आने का इंतजार करते करते गिरने लगे गरीबों के बच्चे मकान

**हरिभूमि न्यूज/कल्याणपुर।** इस बात से इंकार नही किया जा सकता है कि जिस सोच के साथ देश के प्रधानमंत्री द्वारा गरीबों को पक्के मकान देने के लिये प्रधानमंत्री आवास योजना की शुरूआत की गई है उसके चलते उन गरीबों को पक्के आवास मिलते हुये देखे जा रहे है जो कभी पक्के मकानों में रहने का सपना भी नही देख सकते थें? मगर इस योजना का सही रूप से क्रियान्वयन नही होने की स्थिति में प्रधानमंत्री आवास योजना अपने लक्ष्य से भटकते हुये दिखाई देने लगी है। इस कारण से जहां साधन संपन्न लोगों के आवास तो बनते हुये देखे जा रहे है। मगर इस योजना के जो वास्तविक गरीब हितग्राही है वह आज भी इस योजना में शामिल होने के लिये इंतजार करते हुये अपने कच्चे आवासों में मौत और जिन्दगी के बीच जीवन काटने के लिये मजबूर होते हुये दिखाई देने से नही चूक पा रहे है? कुछ इसी प्रकार की सच्चाई इस समय जनपद पंचायत चीचली सहित अन्य जनपदो के अंतर्गत आने वाले अनेक ग्राम पंचायतों में देखने मिल रही है जहां पर इस प्रकार के दर्जनों गरीब है जिनके कच्चे मकान होने के बाद भी अभी तक उनका प्रधान मंत्री आवास योजना की सूची में नाम नही आने की स्थिति में इस समय चल रहे मौसम के मिजात के चलते उनके कच्चे मकान गिरने के कारण मासूम बच्चों की जिन्दगी खतरे में दिखाई देने से नही चूक रही है। इस संबंध में खस्ता हाल कच्चे मकानों में जीवन यापन करने वाले गरीबों द्वारा जानकारी देते हुये बताया है कि वह पूर्णरूप से गरीब होने के साथ साथ उसकी स्थिति इस प्रकार से नही है कि वह अपना कच्चा मकान पक्का कर सके, जिसके चलते प्रधानमंत्री की आवास योजना सूची में नाम आने का इंतजार करते हुये लम्बा समय बीत जाने के बाद भी नाम नही आने के कारण कच्चे मकान का हाल इस स्थिति में पहुंच चुका है कि उसकी दीवारे चारों ओर से गिरने की शुरूआत होने के कारण यह डर सताने लगा है कि कही ऐसा न हो कि रात के समय पूरा का पूरा मकान धराशाही होने के कारण उसकी व उसके मासूम बच्चों की जिन्दगी खतरे में पड़ जावे, इस प्रकार से अन्य लोगों के आवासों की स्थिति भी कुछ इसी प्रकार से बनी हुई है जिनके कच्चे मकानों की गिरती हुई दिवारे निश्चित ही इस प्रधान मंत्री आवास योजना को अपने लक्ष्य से भटकने का उदाहरण देने से नही चूक पा रही है।



## आज नगर के बीटीआई स्कूल में होगा सामूहिक सूर्य नमस्कार का आयोजन

**हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।** इस बात से इंकार नही किया जा सकता है कि योगा के माध्यम से लोग अनेक प्रकार की बीमारियों को रोकने में सफलता हासिल कर सकते है और इसी के चलते देखा जाता है कि अनेक बडे बडे चिकित्क भी मरीजों को योगा करने की सलाह देने से नही चूकते है। वही सूर्य नमस्कार भी योगा की श्रेणी में आता है। इसी के चलते हर वर्ष स्वामी विवेकानंद जयंती एवं युवा दिवस के अवसर पर जहां तहां सूर्य नमस्कार का आयोजन किया जाता है। इसी प्रकार से इस वर्ष आज 12 जनवरी को स्थानीय बीटीआई स्कूल में प्रदेश के परिवहन एवं स्कूल शिक्षा मंत्री राव उदय प्रताप सिंह की विशेष मौजदूगी में सुबह 9 बजे से सामूहिक सूर्य नमस्कार कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। इस संबंध में जिला शिक्षा अधिकारी एच पी कुर्मी ने बताया कि लोक शिक्षण संचालनालय से जारी निर्देशानुसार सूर्य नमस्कार कार्यक्रम सुबह 9 बजे से प्रारंभ होकर सुबह 10:30 बजे समाप्त होगा। वही नग में सामूहिक रूप से आयोजित होने वाले इस सूर्य नमस्कार कार्यक्रम में जनप्रतिनिधिगण, अधिकारीगण , शिक्षक एवं छात्र शामिल रहेंगे। विद्यालय प्राचार्य श्रीमती सुनीता पटैल ने इस सामूहिक सूर्य नमस्कार कार्यक्रम में लोगों से उपिस्थित रहे की अपेक्षा जताई गई है। उल्लेखनीय है कि सूर्य नमस्कार कार्यक्रम की तैयारियों का जायजा लेने के लिए नरसिंहपुर से जिला शिक्षा अधिकारी श्री एच पी कुर्मी , डीपीसी आर के चतुर्वेदी ने बीटीआई स्कूल का दौरा कर बीईओ प्रताप नारायण, बीआरसी गिरीश पटैल, डी के पटैल की उपस्थिति में स्थानीय प्राचार्यो को निर्देश दिये थे।

## सालीचौका क्षेत्र के सहावन से केसला तक बनी पांच साल की गारंटी वाली प्रधानमंत्री ग्राम सड़क नहीं चल पाई पूरे चार साल, निर्माण कार्य करने वाली








**हरिभूमि न्यूज/सालीचौका।**

जहां एक ओर सरकार द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों को विकास करने की सोच रखते हुए गांव गांव पक्की सड़कों का निर्माण कराने के लिए प्रधान मंत्री सड़क से लेकर मुख्यमंत्री सड़क योजना चलाते हुए करोड़ो रूपया खर्च किये जा रहे है, इतना ही नही ग्रामीण क्षेत्रों की सूरत बदलने के लिए क्षेत्र के नेताओं द्वारा प्रयास किये जाने का परिणाम है कि क्षेत्र में लगातार पक्की सड़कों की स्वीकृति प्रदान कराने में कोई कसर नही छोड़ी गई है। मगर इन सड़को के निर्माण की सच्चाई पर गौर किया जावे तो निर्माण कार्य करने वाली एजेन्सियों द्वारा जिस प्रकार से निर्माण कार्य में बरती जा रही गफलत बाजी का परिणाम है कि वह सड़क जहां समय अवधि मे पूर्ण होते हुए दिखाई नही देती है या फिर इन सड़को का निर्माण होने के चंद दिवस बाद ही यह सड़क अपने निर्माण कार्य की गुणवत्ता की कहानी स्वयं ही बताने से नही चूकती है? जिनकी शिकायते होने के बाद भी संबंधित अधिकारियों की चुप्पी जहां सड़कों में चलने वाली गफलबाजी में हिस्सेदार होने का संकेत देते हुए दिखाई पड़ने से नही चूकते है? वही दूसरी ओर इस प्रकार से समय पर निर्मित न होने व निर्मित होने के बाद चंद दिनों में टूटने वाली सड़कों की सच्चाई को लेकर क्षेत्र के नेताओं द्वारा चुप रहना अनेक संदेहो की जन्म देने से नही चूकते है? इस स्थिति में सरकार द्वारा सड़को के नाम पर खर्च की जाने वाली सरकारी राशि का सही उपयोग होने की उम्मीद करना बड़ा ही मुश्किल नजर आने लगा है। कुछ इसी प्रकार की सच्चाई इस समय सालीचौका क्षेत्र में निर्मित हुई प्रधानमंत्री ग्राम सड़कों के निर्माण में भी देखने मिल रहा है जहां पर इन सड़को के निर्माण की तिथि निकल जाने के बाद भी सड़को का निर्माण नही होने के कारण ग्रामीणों को परेशान होते हुए देखा जा रहा है? वही दूसरी ओर कुछ जगहों पर तो इस प्रकार से पांच साल की गारंटी वाली प्रधानमंत्री सड़के अपने निर्माण के चंद दिनों बाद ही टूटना शुरू हो हो रही है जिससे सड़क निर्माण के गुणवत्ता की सच्चाई उजागर होने के साथ साथ संबंधित विभाग के अधिकारियों की मिलीभगत का प्रमाण भी सामने आने से नही चूक रहा है? कुछ इसी प्रकार की सच्चाई इस समय सालीचौका क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले ग्राम सहावन से ग्राम केसला तक निर्मित हुई प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क को देखते हुए जान पड़ रही है जहां पर पांच साल की गारंटी वाली इस सड़क के निर्माण को अभी मात्र लगभग चार ही बीत पाये है और सड़क का जिस प्रकार से उखड़ना शुरू हो गया है उसके चलते सड़क निर्माण कार्य करने वाली एजेन्सी द्वारा सड़क निर्माण में अपनाई गई गुणवत्ता की कहानी सड़क स्वयं ही बताने से नही चूक रही है? बताया जाता है कि प्रधान मंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत ग्राम सहावन से ग्राम केसला तक कुल लम्बाई 2.3 किलो मीटर जिसकी लागत अनुमानित तौर पर 100.04 लाख रूपया मौके पर लगे हुए निर्माण संबंधी वोर्ड में दर्शाई गई है। वही इस सड़क का निर्माण किसी श्रीराम कंस्ट्रस्क्शन कंपनी महावीरपुरा मुरैना द्वारा किया गया था। जानकारी के अनुसार सड़क का निर्माण होने के बाद निर्माण कार्य करने वाली कंपनी की पांच वर्ष तक की गारंटी थी? वही इस सड़क का निर्माण कार्य शुरू 2 सितम्बर 2016 को हुआ तथा सड़क का निर्माण कार्य 1 सितम्बर 2017 को पूर्ण होना बताया जा रहा है? इस प्रकार से सड़क निर्माण कार्य को पूर्ण होने की तिथि के अनुसार अभी इस सड़क के निर्माण कार्य को लगभग गारंटी पीरियट ही नही निकल पाया है और जिस प्रकार से सड़क में जहां तहां निकल रहे गड्ढे सड़क की गुणवत्ता को उजागर करने से नही चूक रहे है, जिसके चलते इस सड़क को पास करने वाली उन अधिकारियों की मिलीभगत होने की सच्चाई भी उजगार होने से भी नही चूक रही है।

## क्षेत्र में लगातार हो रही अवैध रूप से पशुओं की तस्करी प्रशासन मौन

**हरिभूमि न्यूज/सांईखेड़ा।** इस समय ग्रामीण क्षेत्रों में देखा जा रहा है कि आस पास के कस्वा क्षेत्रों में लगने वाले साप्ताहिक मवेशी बाजारों के माध्यम से खुलेआम पशुओं की तस्करी होने की चर्चा आम होती जा रही है। जिसमें बताया जा रहा है कि क्षेत्र में लगने वाले इस मवेशी बाजार में सैकड़ो की संख्या में पशु बिक्री के लिये आते जो कुछ ऐंसे भी पशु होते हैं जिसमें प्रमुख रूप से बैल जो कृषि योग्य नहीं होते व गायें जो दूध देना बंद कर देती हैं उन्हें कुछ दलालनुमा व्यक्ति ऐंसे पशुओं को दलाल कसाईयों को दोगुनी कीमत के माध्यम से पशु मालिकों से खरीदवा देते हैं और पशु मालिक भी थोड़े से पैसों के लालच में जिन्दगी भर घी दूध देने वाली गायों व गर्मी धूप व बरसात के मौसम में मेहनत कर कमाई खिलाने वाले बैलों को इन कसाईयों के हवाले कर देते हैं। जनचर्चाओं में तो यह तक बताया



जाता है कि बाजार के दिन बाहर से आने वाले इन कसाईयों के कुछ दलाल गाँव गाँव घूमकर इस प्रकार के बूढ़े पशुओं की खोज करते हुये पशु मालिकों को उन्हें बेचने के लिये उकसाते हुये देखा जा सकता हैं और इन दलालों की बातों में आकर पशु मालिकों का भी लोभ लग जाता है और यह बाजारों में उन पशुओं को लाते हैं और दलालों के माध्यम से बाजार के बाहर ही पशुओं को बेच कर चले जाते हैं जिसका जीता जागता उदाहरण विगत वर्षो में सांईखेड़ा, चीचली व गाडरवारा थाने के अंतर्गत अवैद्य रूप से पशु ले जाने वालों को पकड़कर पुलिस ने सिद्ध कर दिया था। मगर वर्तमान समय में पुलिस की सुस्त कार्यप्रणाली के चलते इस प्रकार के पशु तस्कारों के हौसले बुलंद नजर आ रहे है? इस समय देखा जा रहा है कि क्षेत्र में लगने वाले साप्ताहिक पशु बाजारों के दिन सड़कों व कूररूता पूर्वक पशुओं को भरकर ले जाने वाले गाड़ियों की लम्बी लाईने देखने मिल रही है, इसके बाद भी किसी भी प्रकार की कार्यवाही न होना जहां चिंता का विषय बना हुआ है। वही दूसरी ओर शासन प्रशासन को इस प्रकार के दलालों के माध्यम से हो रही तस्करी पर रोक लगाई जानी चाहिये, आमजन द्वारा तो यह तक आरोप लगाया जाता है कि इस प्रकार के पशुओं की खरीदी कर ट्रकों के माध्यम से पुलिस की ही मिली भगत से बाहर ले जाया जाता है? यह बात कहा तक सत्य है इसे तो भगवान ही जाने? मगर पशुओं की लगातार हो रही तस्करी से पुलिस की कार्य प्रणाली पर प्रश्न चिन्ह लगते हुए नजर आ रहा है।

## हाई स्कूल निवावर में शुरू हुआ दो दिवसीय योग शिवर

**हरिभूमि न्यूज/सांईखेडा।** जनपद पंचायत सांईखेडा के अंतर्गत आने वाले शा० हाई स्कूल निवावर में विवेकानंद जयंती के शुभ अवसर पर दो दिवसीय योग शिविर का आयोजन का शुभारंभ किया गया है। इस संबंध में यहां के नवाचारी शिक्षक संजय श्रीवास्तव ने बताया कि विद्यार्थियों की योग में रुचि होने के कारण उन्होंने यह कार्यक्रम रखा गया है। वही इस यो शिविर में सभी विद्यार्थियों ने लेते हुये योगासन, ध्यान, सूक्ष्म व्यायाम व प्राणायाम के बारे में जानकारी प्रदान की गई साथ ही विद्यार्थियों के संग सामान्य योगाभ्यास कार्य भी सम्पन्न किया। इस दोरान शिक्षक श्रीवास्तव द्वारा योगासन का महत्व बताते हुए योग से होने वाले लाभ को भी उजागर किया। इस अवसर पर विद्यालय प्राचार्य सहित समस्त स्टॉफ इस कार्यक्रम के दौरान मौजूद रहा। संजय श्रीवास्तव ने योग की दैनिक जीवन में उपयोगिता को स्पष्ट करते हुए विद्यार्थियों से प्रतिदिन सुबह जल्दी उठकर योग करने की बात कहते हुये उन्होंने कहा कि योग, ध्यान और व्यायाम से होते स्वस्थ प्रखर। प्रतिदिन इनको कीजिये- बुद्धि, तेज और धैर्य में सभी जाओगे निखर.. साथ ही उन्होंने विद्यार्थियों हेतु आगामी समय में शैक्षणिक कार्य के अतिरिक्त, प्रत्येक सप्ताह में बुधवार के दिन प्रातःकाल योगाभ्यास हेतु विद्यालय में शिविर लगाने की बात कहीं गई तथा उनके द्वारा बताया गया कि विद्यालय में शासन के नियमानुसार आज 12 जनवरी को विवेकानंद जयंती के उपलक्ष्य में सामूहिक सूर्य नमस्कार का कार्यक्रम भी कक्षा 6 से 10 के विद्यार्थियों के साथ पूर्ण कराया जाएगा।

## खबर संक्षेप

### कलेक्टर ने परधी बंसल की म.प्र.लोक सेवा आयोग की तैयारी का लिया जिम्मा



**हरिभूमि न्यूज डिंडौरी।** आज गुरूवार को जिद खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय ग्राम पचांयत झनकी के खेल मैदान में खेल प्रतियोगिता एवं कैंप पीएम जनमन कैंप का आयोजन किया गया। जिसमें कलेक्टर श्री विकास मिश्रा छात्रों एवं आमजनों को संबोधन में शिक्षा के संबंध में आगे बढने के महत्वपूर्ण टिप्स दिए। जिसके द्वारा कुछ बच्चों एवं आमजन महिलाओं के द्वारा आगे बढने हेतु शिक्षा एवं निरंतर प्रयास से ही सफलता मिलेगी जिसमें परधी बंसल पति पंकज बसंल निवासी सढवाछापर के द्वारा कलेक्टर के बनने का इच्छा जाहिर किया जिस पर कलेक्टर ने उनसे पूछने पर बतया किया मैं पीएससी की तैयारी करती हू। जिस पर श्री विकास मिश्रा ने किताबें उपलब्ध कराने का वादा किया। और अपनी गाडी में कलेक्टर का रूप देकर बिठाया ग्राम पंचायत झनकी में घुमाया गया। परधी बंसल ने आठवीं ग्राम छांटा स्कूल से पास की, कक्षा दसवीं की परीक्षा सरई हाईस्कूल व कक्षा बारहवीं की परीक्षा उत्कृष्ट विद्यालय डिण्डौरी तथा बीएससी, जूलोजी में एमएससी इंदिरा गांधी कन्या महाविद्यालय शहडोल से पास की है। जिनका निज निवास मोहदा पिता सुरेश मथेश शादी 2021 में ग्राम सढवाछापर में हुई है जो आगे बढने का निरंतर प्रयास कर रही है। कलेक्टर श्री विकास मिश्रा ने शुभकामनाएं दी है कि आप लगन से प्रयास करें एक दिन आपको जरूर कलेक्टर बनेंगे।

### कलेक्टर ने शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय डिंडोरी ने 10वीं विद्यार्थियों को अध्यापन कराया

**हरिभूमि न्यूज डिंडौरी।** कलेक्टर श्री विकास मिश्रा ने शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय डिंडोरी में 10वी कक्षा के विद्यार्थियों को अध्यापन कराया। उन्होंने कहा कि 10वी कक्षा में बोर्ड परीक्षा होगी, यह पहली परीक्षा है जो विद्यार्थियों की उज्वल भविष्य सुनिश्चित करती है। दसवीं की मार्कशीट भविष्य में हमेशा प्राथमिकता से काम आयेगी। कलेक्टर श्री मिश्रा ने विद्यार्थियों को परीक्षा में अच्छे अंक से उत्तीर्ण होने के तरीके समझाए, सभी को रोजाना अध्ययन एवं लेखन कार्य करने को कहा है। परीक्षा के दिन आते तक सिलेबस का लगातार रिवीजन करें। उन्होंने बताया कि सभी को अपने उद्देश्य के मुताबिक कठिन परिश्रम करना होगा। अध्ययन के साथ साथ रोजाना एक घंटे लिखने का भी अभ्यास करें, जिससे लिखावट में सुधार आयेगी। सभी विद्यार्थी मन लगाकर पढाई करें, दसवीं की परीक्षा में शत प्रतिशत परीक्षा परिणाम प्राप्त कर अपना उज्वल भविष्य सुनिश्चित करें। अध्ययन के साथ साथ पेपर देने की नई तकनीक के साथ सही प्रश्न का सही नम्बर अंकित कर अच्छे नम्बर लाने के टिप्स दिए। नैतिक शिक्षा का विस्तृत जानकारी दी साथ ही साथ विकसित भारत बनने की महत्वपूर्ण बिन्दु बताए जैसे- गरीबी, अशिक्षा, रोजगार, महिला सशक्तिकरण, नई तकनीकी, भ्रष्टाचार के बारे में विस्तृत काम करके ही देश को विकसित भारत बनाया जा सकता है। यह विकसित भारत विषय पर बोर्ड परीक्षाओं निबंध आ सकता है इस पर अपनी तैयारी रखें।

### डिण्डोरी में होगा रोजगार/स्वरोजगार मेला का आयोजन

**हरिभूमि न्यूज डिंडौरी।** महाप्रबंधक जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र ने बताया कि शासकीय चन्द्रविजय कालेज, डिण्डोरी में प्रातः 11.00 बजे से रोजगारध्स्वरोजगार मेले का आयोजन 13 जानवरी 2024 को किया जायेगा। जिसमें शासन के विभिन्न स्वरोजगार संचालित करने वाले विभाग, बैंकर्स एवं रोजगार देनें वाली कंपनियो के प्रतिनिधि उपस्थित रहेंगे।

## श्मशान घाट से जले हुए हड्डियों के अवशेष क्यों ले जा रहे

# राख ले जाने वालों पर मामला हुआ दर्ज

### पुलिस थाना मेंहदवानी के ग्राम सारसडोली का मामला





**हरिभूमि न्यूज मेंहदवानी।** पुलिस थाना मेंहदवानी के ग्राम सारसडोली में तांत्रिक क्रिया करने के उद्देश्य को लेकर ग्राम के ही तीन युवकों द्वारा श्मशान घाट से जले हुए हड्डी के अवशेष ले जाने की घटना सामने आई है। इस संबंध में मृतक महिला के पुत्र दशरथ साहू ने पुलिस थाना मेंहदवानी में जाकर लिखित आवेदन देकर कार्यवाही की मांग किया है। जानकारी के अनुसार दशरथ साहू की मां हल्को बाई का स्वर्गवास दिनांक 31 दिसंबर को हो गया था जिसका अंतिम संस्कार कर दिया गया था। तीसरे दिन बुधवार 3 जनवरी को खारी उठाया जाना था परंतु खारी उठाने के पूर्व एक रात पहले मंगलवार को तीन आरोपियों द्वारा श्मशान घाट में जाकर सिर के हड्डियों के जले हुए अवशेष एवं राख को उठाकर ले गए थे जिन्हें गांव के ही कुछ लोगों ने देख लिया था और इसकी जानकारी गांव के लोगों की दी थी। गांव वालों को आशंका है कि आरोपियों द्वारा तांत्रिक क्रिया करने के उद्देश्य से ऐसा किया गया है। मृतिका के सिर के हड्डियों के जले अवशेष को ले जाने एवं राख ले जाने की घटना को लेकर सारसडोली के लोगों में नाराजगी व्याप्त है।

### घर से थोड़ी दूर छिपाकर रखे थे अवशेष

आरोपी एक युवक से अवशेष के बारे में पूछा गया तो उन्होंने अपनी गलती मानते हुए लोगों के सामने ही अपने घर के कुछ ही दूरी पर जमीन के अंदर पन्नी में छिपाकर रखे गए हड्डियों के जले हुए अवशेष को निकालकर मृतक महिला के पुत्र के हाथों सौंपा और उनसे माफी मांगकर दोबारा गलती नहीं करने की बात दोहराई है।

### पुलिस ने किया अवशेष जब्त मामला दर्ज

मेंहदवानी पुलिस ने तीनों युवकों के खिलाफ धारा 297,34 के तहत मामला दर्ज कर लिया है। वहीं गुरुवार को मेंहदवानी पुलिस ने मौके पर जाकर कार्यवाही करते हुए आरोपी से मृतिका के सिर के हड्डियों का जला हुआ अवशेष बरामद कर लिया है और मामले की जांच कर रही है।

### इनका कहना है

शिकायत के आधार पर मामला पंजीबद्ध कर लिया गया है। मेंहदवानी पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए जले हुए हड्डियों के अवशेष बरामद कर आरोपियों के विरुद्ध वैधानिक कार्यवाही की गई है।

**प्रभुदास मोंगरे,**
**थाना प्रभारी मेंहदवानी**

## कलेक्टर ने हेलमेट पहनने के लिए वाहन चालकों को हाथ जोड़ कर दी समझाइश

# सड़क सुरक्षा सप्ताह के तहत निकली जागरूकता रैली





### कलेक्ट्रेट में बिना हेलमेट के बाइक प्रवेश पर रोक

**हरिभूमि न्यूज डिंडौरी।**

गुरुवार को डिंडौरी नगर में सड़क सुरक्षा सप्ताह कार्यक्रम के तहत उत्कृष्ट विद्यालय परिसर से मुख्य बस स्टैंड तक जागरूकता अभियान के तहत रैली निकाली गई। कलेक्टर श्री विकास मिश्रा छात्र-छात्राओं के साथ रैली में बस स्टैंड पहुंचे। उन्होंने हेलमेट नहीं लगाए हुए वाहन चालकों से हाथ जोड़ कर नियमों का पालन करने की अपील की। साथ ही अधिकारी कर्मचारियों का कलेक्ट्रेट परिसर में बिना हेलमेट लगाए प्रवेश करने पर रोक लगा दी है।सड़क सुरक्षा सप्ताह कार्यक्रम के तहत गुरुवार को कलेक्टर विकास मिश्रा पुलिस कर्मियों के साथ सड़क पर उतरे। बिना हेलमेट लगाए वाहन चालकों को रोक कर हाथ जोड़े और हेलमेट लगाने व अन्य यातायात नियमों का पालन करने की अपील की। उन्होंने कहा कि यातायात के नियमों का पालन करें और बाइक चलाते समय हेलमेट का प्रयोग कर सुरक्षित यात्रा करें, क्योंकि आपके परिवार के लोग आपके सुरक्षित वापस लौटने की प्रतीक्षा कर रहे होंगे। कलेक्ट्रेट में बिना हेलमेट के प्रवेश पर रोक कलेक्टर श्री विकास मिश्रा के निर्देश पर बिना हेलमेट के बाइक को परिसर में प्रवेश से रोकने के लिए गेट पर पुलिस कर्मी तैनात किए गए है। शासकीय कर्मचारी अधिकारी हो या फिर कलेक्ट्रेट परिसर में शासकीय कार्य के लिए आने वाले बाइक चालकों को बिना हेलमेट के वाहन सहित प्रवेश पर रोक लगा दी गई है। सुरक्षाकर्मी हेलमेट चेक कर रहे है। कलेक्टर श्री विकास मिश्रा ने रैली में शामिल छात्र-छात्राओं एवं आमजनों को संदेश दिया कि एक्सीडेंट पर घायल व्यक्ति को जो व्यक्ति उसे अस्पताल में ईलाज हेतु भर्ती कराएगा उसे शासन के द्वारा अच्छे कार्य करने पर 5 हजार रूपये से सम्मानित किया जाता है। यदि आप रास्ते में कहीं भी जा रहे हैं और यदि आपको कोई दुर्घटनाग्रस्त व्यक्ति पडा दिखाई दे तो आप उसे तुरंत नजदीकी चिकित्सा केन्द्र में भर्ती कराएं जिससे उसकी जान बच सकती है।

आज की जागरूकता रैली में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री जगन्नाथ मरकाम, प्राचार्य शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय श्री एसके द्विवेदी, श्री आरपी कुशवाहा, श्री चेतराम अहिरवार सहित अन्य अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे।

### खाद्य सुरक्षा अधिकारियों ने नगर के होटल, किराना दुकान और मिठाई इत्यादि की दुकानों का निरीक्षण किया

**हरिभूमि न्यूज डिंडौरी।** कलेक्टर श्री विकास मिश्रा के निर्देशन में खाद्य सुरक्षा अधिकारियों द्वारा मुख्य बस स्टैंड डिंडोरी के आसपास संचालित होटल एवं किराना दुकानों में निरीक्षण किया गया। जिसमें शुद्ध एवं गुणवत्ता युक्त खाद्य पदार्थ, दूध एवं दूध से बने उत्पाद जैसे दही, घी, पनीर, मिठाई इत्यादि आम जनता तक पहुंचे।



निरीक्षण दौरान मोले भोजनालय एवं वर्मन होटल में अत्यंत गंदगी पाई गई। उन्हें निर्देशों का पालन किए जाने हेतु खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 के अंतर्गत नोटिस जारी की गई। इसी प्रकार से गोयल पान सेंटर, नीलम होटल, गुप्ता समोसा सेंटर, कन्हैया चाट भंडार, कन्हैया चाट सेंटर की भी जांच की गई। जांच के दौरान खाद्य पदार्थों में रंग का उपयोग न करने, अखबार में खाद्य सामग्री विक्रय न करने, खाद्य तेल का अधिकतम तीन बार से ज्यादा उपयोग न करने की सलाह दी गई। इनसे होने वाली हानि के बारे में बताया गया। वहीं दुग्ध विक्रेताओं को गुणवत्ता युक्त शुद्ध दूध विक्रय करने हेतु समझाइश दी गई। मौके पर दूध एवं दूध से बने उत्पादों की जांच की गई। टीम द्वारा पुरानी डिंडोरी स्थित प्रोपराइटर बसंत राजपाल ओम ट्रेडर्स का निरीक्षण कर तेल, लाल मिर्च, पाउडर, ब्राउन शुगर वनस्पति का नमूना लिया गया। जहां विक्रेता द्वारा सभी खाद्य पदार्थ बाहर से क्रय करना बताया गया एवं पक्के बिल प्रस्तुत किए गए। वहीं प्रोपराइटर अशोक राजपाल मां रेवा एजेंसी एवं गुरु नानक किराना का भी निरीक्षण किया गया। मौके पर कई प्रकार के स्नेक्स, कुरकुरे के पाउच पाए गए जिसे विक्रेता अशोक राजपाल द्वारा हरिओम ट्रेडर्स डिंडोरी से विक्रय करना बताया गया। वही राजश्री पान मसाला थोक विक्रेता रितेश जैन एवं अन्य सामग्री बाहर से क्रय करना बताया गया। मौके पर टीम द्वारा आटा बेसन लाल मिर्च पाउडर, मखाना, राजश्री एवं घी का नमूना ली जाकर जांच हेतु राज्य खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला भोपाल को भेजा गया है।

## पीएम जनमन योजना का ग्राम पंचायत झनकी में कायक्रम संपन्न

**हरिभूमि न्यूज डिंडौरी।** कलेक्टर श्री विकास मिश्रा ने बताया कि शासन की मंशा के अनुसार आज गुरूवार को विकासखंड करंजिया के ग्राम झनकी शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय प्रांगण में पीएम जनमन योजना के तहत ग्रामीण अंचलों प्रचार प्रसार हेतु व दूरदराज अंचलों के आमजनों को कैंप के माध्यम से केन्द्र सरकार की योजनाओं के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई। ग्राम झनकी में स्वास्थ्य, राजस्व, जनअभियान परिषद, जनशिक्षा केन्द्र, कृषि विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग, प्रदान स्वास्थ्य परीक्षक केन्द्र, जनपद पंचायत करंजिया, राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन, पीएचई, मनरेगा, ग्रामीण विकास विभाग, खेल एवं युवा कल्याण आदि के कैंप में स्टॉल लगाकर आधार कार्ड, पीएम किसान सम्मान निधि, पीएम जीवन ज्योति बीमा योजना, पीएम सुरक्षा बीमा योजना, पेंशन योजना, पीएम उज्जवला योजना, गर्भवती व धात्री महिलाओं को पोषण आहार, सिकल सेल, एनीमिया, टीबी उन्मूलन, पीएम जनधन योजना, पीएम विश्वकर्मा, किसान क्रेडिट कार्ड, संस्थागत प्रसव, गरीब कन्याण अन्न योजना, मातृ वंदना योजना, आयुष्मान कार्ड, शत प्रतिशत टीकाकरण, सुकन्या समृद्धि योजना, कौशल विकास, उन्नत दूरसंचार सुविधा, आजीविका का उन्नत स्तर आदि योजनाओं का विस्तारपूर्वक आम लोगों को जानकारी दी गई। महिला समूह एनआरएलएम के गठित 75 स्व सहायता समूहों को 4 करोड़ 26 लाख रूपये का सीसीएल कैंप में वितरण किया गया। उक्त कैंप में 2 हजार महिला पुरूष एवं ग्रामीणजन शामिल हुए जिन्हें संबंधित विभागों के द्वारा स्वास्थ्य परीक्षण कर दवाइंया एवं आवश्यक सामग्रियां वितरित की गई।





**प्रधानमंत्री जनमन का उद्देश्य-** पीएम जनमन योजना (प्रधानमंत्री जनजातीय आदिवासी न्याय महा अभियान) के तहत विशेष पिछडी जनजातियों के कल्याण की दिशा में एक दूरदर्शी पहल के उद्देष्य से स्वास्थ्य, महिला बाल विकास, शिक्षा, वन, सर्व शिक्षा, विद्युत, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग, लोक निर्माण विभाग, बैंकिंग, कौशल विकास, विश्वकर्मा योजना, खेल, कृषि, प्रधानमंत्री ग्राम सडक योजना, जलजीवन मिषन, दूरसंचार विभाग, पट्टा वितरण, किसान क्रेडिट कार्ड, जाति प्रमाण पत्र, किसान सम्मान निधी, मत्स्य पालन, पशुपालन आदि विभागों की जानकारी दी, जिले में पीएम जनमन योजना के अंतर्गत 346 गांवों का शामिल किया गया है।
जिले में बैगा एवं भारिया जनजाति को आगे लाने के उद्देश्य से प्रधानमंत्री जनमन योजना संचालित की जा रही है। जिसमें पीवीजीटी समुदाय के प्रत्येक पात्र व्यक्तियों को शौचालय सहित पक्का घर उपलब्ध कराना, समुदाय प्रत्येक पात्र परिवार के घर में स्वच्छ पेयजल जनजल के माध्यम से उपलब्ध कराना, 100 या अधिक पीवीजीटी समूह की जनसंख्या वाले टोले मजरे तक सडक निर्माण कार्य कराना, व्यक्तियों के घर तक बिजली की उपलब्धता कराना, स्कूल से संयोजित छात्रावास की उपलब्धता सुनिश्चित करना, नव युवकों को माई भारत स्वयं सेवकों के माध्यम से व्यावसायिक शिक्षाध कौशल साक्षरता उपलब्ध कराना, बहुउद्देशीय केन्द्र एवं चलित चिकित्सकीय वाहन के माध्यम से पीवीजीटी समुदाय के सभी व्यक्तियों के लिए स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराना, आंगनवाडी केन्द्रों के माध्यम से बहुउद्देशीय केन्द्रों में पोषण उपलब्ध कराना, वन धन विकास केन्द्रों के माध्यम से आजीविका स्तर पर सुधार करना,यूएसओएफ के माध्यम से बसाहटों में दूरसंचार सुविधा का प्रसार करना, प्रत्येक सदस्य को प्रधानमंत्री गरीब कल्याण योजना अंतर्गत फ्री राषन उपलब्ध कराना, प्रत्येक सदस्य को पीएम उज्जवला योजना के अंतर्गत फ्री एलपीजी कनेक्षन उपलब्ध कराना, प्रत्येक सदस्य को आयुष्मान कार्ड की उपलब्धता सुनिष्चित करना, गर्भवती महिला को प्रधानमंत्री पोषण योजना से लाभान्वित करना, गर्भवती महिला को प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान अंतर्गत संस्थागत प्रसव की सुविधा उपलब्ध कराना, बसाहटों में अभियान चलाकर सिकल सेल, एनीमिया,टीकाकरण,टीबी प्रभावित मरीजों का चिन्हांकन करते हुए उन्हें इलाज उपलब्ध कराना, स्कूली बच्चों को पीएम पोषण योजना अंतर्गत मध्यान्ह भोजन उपलब्ध कराना, प्रत्येक पात्र सदस्य को पीएम जनधन योजना से लाभान्वित करना एवं प्रत्येक बालिका (0 से 10 साल आयु समूह) को सुकन्या समृद्धि योजना से लाभान्वित करना।

## नर्मदा नदी सहित पूरे शहर में स्वच्छता बरकरार रखें जिससे श्रद्धालुओं की भावनाओं का सम्मान हो सके: कलेक्टर





### कलेक्टर ने मंकर संक्रांति की तैयारियों को लेकर चाक चैबंद और व्यवस्थाओं का लिया जायजा

**हरिभूमि न्यूज डिंडौरी।**

कलेक्टर श्री विकास मिश्रा ने आज प्रातः मकर संक्राति की आवश्यक तैयारियों को लेकर नर्मदा नदी के घाटों में साफ-सफाई, पार्किंग व्यवस्था, पेयजल का प्रबंध, चलित शौचालय और सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। उन्होंने श्रद्धालुओं के लिए समुचित प्रबंध करने के निर्देश दिए हैं। जिससे मकर संक्रांति में आने वाले श्रद्धालुओं को किसी भी प्रकार से परेशानी न हो, कहीं भी खुले में शराब विक्रय, नर्मदा नदी किनारे गंदगी, शराब के बोतल आदि न मिले इसके लिए पूर्व से नियमित साफ-सफाई बरकरार रखने को कहा है। जिससे शहर की पवित्रता बनी रहे और श्रद्धालुओं की भावनाओं का सम्मान हो सके। कलेक्टर श्री विकास मिश्रा ने नर्मदा नदी के तट के किनारे शराब पीने व बोतलें फेकने वालों तथा जिले में खुले में अवैध रूप से शराब विक्रय करने वालों को जेल भेजने के निर्देश दिए हैं। कलेक्टर श्री विकास मिश्रा ने कहा कि मकर संक्रांति पर्व पर भंडारे की व्यवस्था की जाती है। उन्होंने भण्डारों में प्लास्टिक एवं डिस्पोजल के स्थान पर दोना-पत्तल से प्रसाद वितरण कराने के निर्देश दिए हैं। भण्डारा वितरण स्थल पर डस्टबिन रखा जाए, जिससे कोई भी व्यक्ति दोना-पत्तल सड़कों में न फेकें। उन्होंने जिले में बढते ठंड को देखते हुए सार्वजनिक एवं धार्मिक स्थानों पर अलाव जलाने का प्रबंध करने को कहा है। निरीक्षण में मुख्य नगर पालिका अधिकारी, तहसीलदार, सीएमएचओ सहित अन्य अधिकारी भी मौजूद थे।

### जिला चिकित्सालय का औचक निरीक्षण

कलेक्टर श्री विकास मिश्रा ने आज गुरुवार को प्रातः जिला चिकित्सालय डिंडौरी का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने मरीजों और उनके परिजनों से चर्चा कर उनके स्वास्थ्य के बारे में जाना। साथ ही सभी मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण कर उनका समुचित उपचार हेतु मौजूद स्टॉफ को निर्देश दिए हैं। कलेक्टर श्री मिश्रा ने जिला चिकित्सालय के संपूर्ण परिसर को साफ सुथरा रखने हेतु सीएमएचओ को निर्देशित किए हैं।

## युवा क्रिकेट क्लब अमरपुर की पिड़रूखी पर 6 रनों से शानदार जीत



**हरिभूमि न्यूज अमरपुर।** जनपद पंचायत अमरपुर क्षेत्रांतर्गत ग्राम केवलारी में टेनिस बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन किया गया हैं। जिसमें गुरुवार को युवा क्रिकेट क्लब अमरपुर तथा पिड़रुखी टीम के बीच मैच खेला गया। युवा क्रिकेट क्लब के कप्तान ने टॉस जीतकर पहले बल्लबाजी करने का फैसला लिया। पहले बल्लेबाजी करते हुए चमार सिंह के ताबड़तोड़ 25 रन, कमलेश के 22 रन तथा जयदीप के 12 रनों की बदौलत निर्धारित 10 ओवर में 86 रनों का विशाल स्कोर खड़ा किया। पिड़रुखी टीम की ओर से यशवंत ने शानदार गेंदबाजी करते हुए 2 विकेट अपने नाम किया। 87 रनों का लक्ष्य का पीछा करने उतरी पिड़रूखी की टीम निर्धारित 10 ओवर में 80 रन ही बना सकी। और 6 रन से यह मैच हार गई। युवा क्रिकेट क्लब की तरफ से जयदीप ने 3 विकेट, अक्षय ने 2 विकेट तथा सचिन ने 1 विकेट अपने नाम किया। पिड़रुखी टीम की ओर से गोविंद ने 25 रनों की शानदार पारी खेली परंतु अपने टीम को जीत नहीं दिला सके।

## खबर संक्षेप

### पतंजलि महिला समिति की बैठक सम्पन्न



**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** किसी भी संगठन के विस्तार और उसे मजबूती प्रदान करने के लिए संगठन में वरिष्ठ जनों का मार्गदर्शन एवं परिवर्तन समय-समय पर आवश्यक होते हैं इसी हेतु विगत दिवस पतंजलि महिला समिति नरसिंहपुर की बैठक आयोजित की गई। जिसमें समिति का पुनर्गठन सर्वसम्मति से किया गया नवगठित समिति में तहसील प्रभारी के दायित्व पर श्रीमती भारती कौरव, तहसील महामंत्री श्रीमती मंजू श्रीवास्तव और तहसील संगठन मंत्री श्रीमती सुनीता राजपूत को नियुक्त किया गया पुनर्गठन की प्रक्रिया के दौरान पतंजलि महिला समिति के राज्य जिला एवं तहसील के पदाधिकारीयों में श्रीमती ज्योति दुबे श्रीमती सुमन गुप्ता श्रीमती सुषमा मिश्रा सुश्री इंदु सिंग सुश्री रानी हरदेनिया श्रीमती ज्योति तिवारी एवं योग शिक्षक आशीष नेमा की उपस्थित रही। नवनियुक्त पदाधिकारियों द्वारा तहसील में योग के प्रचार प्रसार एवं योग कक्षाओं को बढ़ाने हेतु आश्वासन दिया गया।

### प्रेस फोटोग्राफर संजय राय सम्मानित

**नरसिंहपुर।** गत दिवस पीएम राइस शाला पुलिस लाइन में स्वास्थ्य हेल्थ कैंप का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि इंजी. रूद्रेश तिवारी नेता प्रतिपक्ष नगर पालिका परिषद, संजय चौबे प्र.पा. डॉक्टर जी सी चौरसिया एवं सहयोगी स्टाफ द्वारा बच्चों का हेल्थ चेकअप किया गया। इस अवसर पर नरसिंहपुर के प्रेस फोटोग्राफर संजय राय को उनकी सतत सेवा के लिए सम्मानित किया गया।

### सामूहिक सूर्य नमस्कार का आयोजन आज

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** राज्य शासन के स्कूल शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार स्वामी विवेकानंद के जन्म दिवस युवा दिवस के उपलक्ष्य में 12 जनवरी 2024 को जिला स्तर पर सामूहिक सूर्य नमस्कार का वृहद आयोजन प्रातः 9 बजे से 10.30 बजे तक शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय स्टेडियम ग्राउंड नरसिंहपुर में किया जायेगा। इस सिलसिले में जिला शिक्षा अधिकारी ने सूर्य नमस्कार कार्यक्रम के सफल एवं सुचारू आयोजन के लिए जिला समिति का गठन कर संबंधित अधिकारी-कर्मचारियों को दायित्व सौंपे हैं।

### प्लेसमेंट ड्राइव का होगा आयोजन

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** आयुक्त रोजगार संचालनालय भोपाल के निर्देशानुसार जिले के बेरोजगार युवक एवं युवतियों को विशेषकर महिला उम्मीदवारों को अधिक से अधिक संख्या में प्रदेश के निजी क्षेत्र की कम्पनियों में रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से प्लेसमेंट ड्राईव का आयोजन कराने के निर्देश जारी किये गये हैं। इन निदेशों के परिपालन में जिला रोजगार कार्यालय नरसिंहपुर द्वारा 13 जनवरी को प्रातः 10.30 बजे से 4.30 बजे तक एक दिवसीय जिला स्तर पर रोजगार मेला का आयोजन जिला रोजगार कार्यालय, नये बस स्टेंड के पीछे, शासकीय पॉलीटेक्निक हॉस्टल नरसिंहपुर में किया जायेगा। यह जानकारी जिला रोजगार अधिकारी नरसिंहपुर ने दी है।

### धर्म यात्रा सम्पन्न

**हरिभूमि न्यूज - करेली।** श्वेतांबर जैनो के शाश्वत तीर्थधिराज पालीताना गुजरात की धरा पर जहाँ भगवान श्रीआदिनाथ प्रभु ने पूर्व 99 बार पर्वत की स्पर्शना की थीं जहाँ से अनंत आत्माये सिद्ध हुई है जिसे सिद्धि धाम की भी उपमा दी गई है जिसमें 3700 सीडिया हैं इन्ही सीडियों को रोज 4 से 5 बार विधिवत चढ़ना और उतरना होता हैं ऐसा कुल 108 बार मात्र 40 से 45 दिनो में पूर्ण किया जाता है इतनी कठिन यात्रा प्रभुं के चमत्कार से एवं अनंत अनंत पुण्यशाली व्यक्ति की ही पूर्ण होती है यह कठिन जप तप के साथ ही पूर्ण की जाती है।

# जन्मस्थली पर मंगल कलश के साथ की आगवानी

## अपनी माँ के ऋण से कभी उऋण नहीं हुआ जा सकता: शंकराचार्य सदानंद जी महाराज

**विगत दिवस द्वारका शारदा पीठ के पीठाधीश्वर जगतगुरु शंकराचार्य स्वामी सदानंद सरस्वती जी महाराज का प्रथम वार नगर आगमन हुआ जहां पर विविध आयोजन कर महाराज श्री की आगवानी की गई।**

हरिभूमि न्यूज़ - नरसिंहपुर।





ज्ञात हो कि महाराज श्री का जन्म स्थल जिले की गोटेगांव तहसील के ग्राम बरगी करकबेल के पास है जहां उनका बाल्यकाल बीता और उसके उपरांत सन्यास धारण कर शंकराचार्य बनने तक की यात्रा पूर्ण की। शंकराचार्य के पद को सुशोभित करते हुये पहली बार आगमन हुआ।

### मां की सेवा हिन्दू होने का प्रथम प्रमाण है: महाराज श्री

अपनी जन्मस्थली ग्राम बरगी (करकबेल) में अनंत विभूषित जगतगुरु शंकराचार्य स्वामी सदानंद सरस्वती महाराज द्वारा विशाल धर्म सभा में भक्तो को उपदेश देते हुये माँ की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि अपनी माँ की सेवा करना अलौकिक सुख प्रदान करने वाला है इसे वही महसूस कर सकता है जो माँ की सेवा करता है माँ की सेवा हिन्दू होने का प्रथम प्रमाण है माँ के ऋण से कभी उऋण नहीं हुआ जा सकता। मनुष्य कभी भी मां के ऋण से मुक्त नही हो सकता है। मां के आशीर्वाद से मनुष्य को यश और कीर्ति प्राप्त होती है। सभी लोगो को पहला कर्तव्य मां की सेवा होना चाहिये।

### विद्यार्थियों ने की पुष्प वर्षा

ग्राम करकबेल में दुर्गा चौराहा से प्रारंभ हुई महाराज श्री की मात्रधाम अभिन्दन यात्रा के दौरान स्कूली विद्यार्थियों द्वारा पुष्प वर्षा की तथा जय गुरूदेव के नारे लगाते हुये महाराज श्री का आशीर्वाद लिया तथा नागरिकों द्वारा मंगल गान कर आगवानी की। जगह - जगह यात्रा का स्वागत किया गया। महाराज श्री के साथ आये संतों द्वारा अपने धर्ममय संस्कृति की याद दिलाते हुए लोगो को मार्गदर्शन दिया। संत मंडलियों द्वारा आदि गुरू शंकराचार्य के एकात्म दर्शन को स्मरण कराने धर्म संदेश दिए। देश में शांति, समृद्धि एवं जनकल्याण की भावना से ओतप्रोत धर्ममय वातावरण में उपस्थित जनसमुदाय को आशीर्वाद दिया। पूज्य शंकराचार्य की चरण पादुका के लोगों ने दर्शन कर पुष्प अर्पण किए।

### ग्राम में की गई विशेष सजावट

महाराज श्री के जन्म स्थली आगमन पर विविध प्रकार से साज सज्जा की गई। महाराज श्री के साथ आये संतों ने बताया कि धर्म का होना जरूरी है जिससे मानव को दिशा निर्देशन प्राप्त होता है। पूज्य शंकराचार्य मौजूदगी में करकबेल से वरगी नगरी शंकराचार्य नगरी के रूप में दिखाई दी। महाराज श्री से क्षेत्रीय जनता ने आग्रह कर बरगी में विशाल मंदिर एवं ग्राम का नाम शकराचार्य जी नगर रखे जाने का निवेदन किया। मंच पर सनान्तन धर्म के साधु, संत एवं धर्मगुरू उपस्थित रहे। महाराज श्री के आगमन से समस्त लोगो मे भारी उत्साह रदेखा गया। तत्पश्चात बरगी ग्राम में महाराज श्री का पादुका पूजन कार्यक्रम किया गया। महाराज श्री ने एक विशाल धर्म सभा को संबोधित करते हुए समस्त क्षेत्र की जनता को आशिर्वाद दिया।

### छात्र परिषद व आईक्यूएसी के तत्वाधान में कार्यक्रम आयोजित



बिना किसी कारण कोई भी व्यक्ति कोई कार्य नही करता। छात्र-छात्राएं विद्या क्यों प्राप्त करना चाहते हैं और हम इस शिक्षा से क्या चाहते हैं यह विद्यार्थियों को अच्छी तरह से पता होना चाहिए। जब तक हमारे मन में प्रसंग उत्पन्न नही होंगे तब तक हम शिक्षित नही हो सकते। शिक्षित होना ही एक व्यापक कार्य है। इससे सफलता प्राप्त होती है सभी के शिक्षा प्राप्त करने के अलग-अलग उद्देश्य हैं किन्तु शिक्षा से समाज धर्म को लाभ होना चाहिए। जरूरत है कि भारत सरकार धार्मिक शिक्षा का समावेश करें। हम भारत सरकार से मांग करते हैं कि एक विषय धार्मिक शिक्षा का विद्यार्थियों के लिए होना चाहिए। उक्त बात गुरूवार को पीजी कॉलेज ऑडोटोरियम में पूर्व छात्र परिषद एवं आईक्यूएसी के तत्वाधान में आयोजित कार्यक्रम में द्वारका शारदापीठ के शंकराचार्य स्वामी सदानंद सरस्वती जी महाराज ने अपने आशीष वचन में कही। महाराज श्री ने कहा कि हमने अपनी संस्कृति और परंपराओं को छोड़ा है इसलिए विद्या का कौशल हमें प्राप्त करना पड़ रहा है। महाराज श्री ने कहा कि रोटी कपड़ा और मकान के लिए ही केवल शिक्षित होना चाहिए यह जरूरी नही क्योंकि अशिक्षित व्यक्ति भी यह प्राप्त कर लेता है। शिक्षा एक व्यापक है और शिक्षित होने का लाभ व्यापक होना चाहिए। धर्म संस्कृति और युवा विषय पर बात रखते हुए महाराज श्री ने कई उदाहरणों के माध्यम से शिक्षा, धर्म और संस्कृति पर व्यापक रूप से प्रकाश डाला। आपने कहा कि धर्म के पालन से सच्चा सुख प्राप्त होता है। धर्म और आध्यात्म के माध्यम से अलोकिक सुख और शांति प्राप्त होती है। महाराज श्री ने ज्ञान और विज्ञान के अंतर को बताया और कहा कि मन की शांति से ही अच्छी नींद आयेगी। इसके पूर्व महाराज श्री का पूर्व छात्र परिषद एवं आईक्यूएसी के सदस्यों के अलावा विभिन्न संगठनों के प्रतिनिधियों एवं छात्र-छात्राओं ने पादुका पूजन किया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. स्वाति चांदोरकर आभार प्रदर्शन पूर्व विधायक सुनील जायसवाल एवं पूर्व छात्र परिषद के अध्यक्ष धर्मेन्द्र मानसाता ने किया।



# बरमान मेला का शुभारंभ आज कलेक्टर ने लिया जायजा

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** कलेक्टर श्रीमती शीतला पटले ने बरमानखुर्द पहुंचकर बरमान मेला की अंतिम तैयारियों का जायजा लिया और अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिये। उल्लेखनीय है कि बरमान मेला का शुभारंभ शुक्रवार 12 जनवरी को शाम 5 बजे रेतघाट बरमानखुर्द में होगा। कलेक्टर श्रीमती पटले ने मेला स्थल पर साफ- सफाई, पॉलीथिन के स्थान पर कपड़े/ कागज की थैलियों के उपयोग, होमगार्ड एवं एसडीआरएफ की टीम की तैनाती, पार्किंग, सीसीटीव्ही, सूचना बोर्ड, बिजली आपूर्ति एवं कनेक्शन, फायर बिग्रेड, अलाव की व्यवस्था सुनिश्चित करने आदि की स्थिति का जायजा लिया। प्रदेश के पंचायत एवं ग्रामीण विकास और श्रम विभाग मंत्री प्रहलाद सिंह पटैल के मुख्य आतिथ्य में शुक्रवार 12 जनवरी को शाम 5 बजे रेतघाट बरमानखुर्द में बरमान मेला का शुभारंभ होगा। इस अवसर पर प्रदेश के परिवहन एवं स्कूल शिक्षा मंत्री राव उदय प्रताप सिंह कार्यक्रम की अध्यक्षता करेंगे। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि राज्यसभा सांसद कैलाश सोनी, विधायक विश्वनाथ सिंह पटैल मुलाम भैया व महेन्द्र नागेश, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती ज्योति नीलेश काकोड़यि व उपाध्यक्ष श्रीमती अनीता राजेन्द्र सिंह ठाकुर, अभिलाष मिश्रा, अध्यक्ष जनपद पंचायत चांवरपाठा सोबरन सिंह ठाकुर व उपाध्यक्ष आयुष रघुवंशी रहेंगे।

# हर युवा का विकसित भारत के निर्माण में हो योगदान : डॉ. राहुल तिवारी

हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।



गत दिवस भाजपा युवा मोर्चा नगर मंडल द्वारा स्वामी विवेकानंद शासकीय महाविद्यालय में विकसित भारत एम्बेसडर कॉलेज आउटरीच कार्यक्रम का आयोजन किया गया, कार्यक्रम के प्रारंभ में मंडल अध्यक्ष शिवम श्रीवास्तव ने अतिथि परिचय के साथ कार्यक्रम की प्रस्तावना रखी, इस अवसर पर कार्यक्रम को संबोधित करते हुए युवा मोर्चा के प्रदेश महामंत्री डा. राहुल तिवारी ने कहा कि भारत आज नए कीर्तिमान स्थापित कर रहा है और विश्व में पांचवीं अर्थव्यवस्था हम बन गए है। हर क्षेत्र में भारत आगे बढ़ रहा है और विकसित भारत का जो संकल्प प्रधानमंत्री ने लिया है। उसको 2047 तक हम सब युवा पूरा होते हुए देखेंगे तथा प्रदेश का हर युवा विकसित भारत एम्बेसेडर बनेगा। हमारा देश युवा शक्ति के साथ आगे बढ़कर देश को सशक्त बनाते हुए नए आयाम स्थापित करने का कार्य करेगा। भाजपा युवा मोर्चा के प्रदेश महामंत्री डा राहुल तिवारी की विशेष उपस्थिति में महाविद्यालय में युवाओं को नमो एप डाउनलोड करवाकर उन्हें विकसित भारत एम्बेसडर बनाया इस अवसर पर भाजपा जिला उपाध्यक्ष, युवा मोर्चा के जिला प्रभारी विनीत नेमा ने कहा कि युवाओं के लिए प्रधानमंत्री जी ने मेरा युवा भारत जैसी योजना लॉन्च की है और युवाओ को मंच देने का काम किया है। इन सब योजनाओं को हम नमो एप के माध्यम से आसानी से जान सकते हैं, जो कि युवाओं के भविष्य निर्माण पर महती भूमिका निभाने वाला है, जो कि देश को ऊंचाई प्रदान करने में अपना महत्वपूर्ण योगदान प्रदान करेंगे। उक्तशय की जानकारी देते हुए युवा मोर्चा के जिला मीडिया प्रभारी प्रखर दुबे ने बताया कि कार्यक्रम का संचालन युवा मोर्चा के जिला महामंत्री चौधरी अभिषेक रघुवंशी व आभार प्रदेश कार्यसमिति सदस्य आकाश सेन ने किया इस अवसर प्रदेश कार्यसमिति सदस्य डा. जय रोहाणी, भाजपा सोशल मिडिया के जिला संयोजक श्रीकांत श्रीवास्तव भाजयुमो के जिला उपाध्यक्ष मनोज ठाकुर, जिला मंत्री अनुराग कौरव, नरसिंहपुर ग्रामीण मंडल अध्यक्ष सौरभ शर्मा, रचित चैरसिया, गौरव तिवारी, नितिन पटेल, डालचंद चैधरी, राजा पटेल, निकेत नेमा सहित भाजयुमो के कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# केन्द्रीय विद्यालय के विद्यार्थियों ने किया शैक्षणिक भ्रमण



हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।

बीते दिवस कक्षा आठवीं और नवमी के लगभग 106 विद्यार्थियों को 10 अनुरक्षण शिक्षकों की देखभाल में ज.ने.कृ.वि.विद्यालय जबलपुर तथा टी.एफ.आर.आई. जबलपुर का भ्रमण करवाया गया। विद्यालय के प्राचार्य अरुण कुमार तुमसरे ने हरी झंडी दिखाकर तीन बसों में बैठे सभी विद्यार्थियों को पीएम श्री केन्द्रीय विद्यालय से टी एफ आर आई जबलपुर के लिए रवाना किया गया। जबलपुर पहुंचने पर सर्वप्रथम विद्यार्थियों द्वारा टी एफ आर आई जबलपुर का भ्रमण किया गया जहां पर विद्यार्थियों ने पौधों के विभिन्न प्रकार, पौधों का बढ़ना,बीज से पौधों का उगना तथा पौधों को कीडों से बचाए जाने के विभिन्न आयामों से अवगत कराया गया तो वहीं दूसरी ज.ने.कृ.वि.विद्यालय जबलपुर द्वारा विद्यार्थियों को मशीन, ट्रैक्टर, हार्बेस्टिंग बायो टेक्नोलॉजी प्रयोगशाला, बीजों को संग्रहण करने आदि की जानकारी प्राप्त हुई। लगभग 9 बजे रात को शैक्षणिक भ्रमण उपरांत सभी विद्यार्थियों ने विद्यालय पहुंचकर अपनी शैक्षणिक यात्रा को विराम दिया। प्राचार्य अरुण कुमार तुमसरे ने बताया शैक्षणिक भ्रमण का उद्देश्य विद्यार्थियों के पढ़ने लिखने और सीखने को आनंददायी बनाने शैक्षणिक भ्रमण एक अच्छा प्रयास है जोड़ना और उसमें विस्तार करना शैक्षणिक भ्रमण का उद्देश्य है इस प्रकार शैक्षणिक भ्रमण विद्यार्थियों के संपूर्ण व्यक्तित्व के विकास के लिए महत्वपूर्ण कड़ी है विद्यार्थी शैक्षणिक भ्रमण के दौरान अपनी आंखों से प्रत्यक्ष रूप से देखकर किसी भी विषय वस्तु का वर्णन करने में सक्षम हो जाते हैं इस शैक्षणिक भ्रमण में अनुरक्षण शिक्षक के रूप में सुश्री अर्चना गोविंल, श्रीमती पूनम शर्मा, दीपक मरावी,आलोक यादव , स्वप्निल शर्मा, नीलेश नेमा, अंशुमान, श्रीमती प्रीति विश्वकर्मा , सुश्री प्रतिभा एवं कनक अपनी भूमिका का निर्वहन किया।

# एस के एम जी नेशनल प्रो कबड्डी टूर्नामेंट का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।



सहयोग क्रीड़ा मंडल गोटेगांव एवं मणिनागेंद्र सिंह फाउंडेशन गोटेगांव के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित कबड्डी, चौपड़ ,मैराथन दौड़ की चार दिवसीय प्रतियोगिता का भव्य शुभारंभ हुआ। नेताजी सुभाष चंद्र बोस स्टेडियम गोटेगांव में आयोजित उद्घाटन समारोह में सहयोग कीड़ा मंडल गोटेगांव के संस्थापक सदस्य एवं वरिष्ठ समाजसेवी मुलाम सिंह पटेल मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे। इस अवसर पर देव पूजन, मैदान पूजन एवं नेताजी सुभाष चंद्र बोस की प्रतिमा के पूजन उपरांत सहयोग क्रीड़ा मंडल के खेलध्वज का रोहण अतिथियों की उपस्थिति में किया गया। कार्यक्रम मैं 5 किलोमीटर मैराथन दौड़ के प्रतिभागियों को हरी झंडी दिखाकर खेल प्रतियोगिता का शुभारंभ किया गया। मंचीय कार्यक्रम के पूर्व युवा तरुणाई स्व. मणिनागेंद्र सिंह (मोनू ) पटेल के तेल चित्र पर पुष्पांजलि समर्पित करते हुए उनको याद किया गया। आयोजन समिति द्वारा पूर्व राज्य मंत्री म. प्र. शासन जालम सिंह पटेल (मुन्ना भैया), गोटेगांव विधायक महेंद्र नागेश, जिला पंचायत अध्यक्ष उमरिया श्रीमती अनुजा पटेल, पूर्व मंडी अध्यक्ष नरसिंहपुर रविंद्र सिंह पटेल (पटनिया), की उपस्थिति में गोटेगांव नगर एवं ग्रामीण क्षेत्र से पधारे वरिष्ठजनों का अभिनंदन सहयोग क्रीड़ा मंडल के अध्यक्ष बद्री भाई चौकसे ,राजेंद्र राय गिट्ठल (आयोजन समिति अध्यक्ष) एवं युवा आयोजन समिति के अध्यक्ष जितेंद्र ठाकुर (पार्षद) पाटन द्वारा किया गया। मणिनागेंद्र सिंह फाउंडेशन के सचिव इंजीनियर सरदार सिंह पटेल ने सभी आगंतुकों का अभिनंदन करते हुए कहा कि स्थानीय प्रतिभाओं को खेल से जोड़ने के लिए सहयोग क्रीड़ा मंडल का अपना इतिहास रहा है। मणिनागेंद्र सिंह फाउंडेशन के माध्यम से शिक्षा एवं स्वास्थ्य के क्षेत्र में बड़े कार्यो को पूर्ण करने का संकल्प लिया गया है जिसमें आप सभी की सहभागिता एवं मार्गदर्शन प्रार्थनीय है।